## एक नजर में



### राष्ट्रध्वज का सम्मान-हम सबका दायित्व

**उज्जैन।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर पूरा देश उत्साह और राष्ट्रभक्ति में डूबा रहता है। सरकार भी हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से जनता को प्रेरित कर रही है। इस अवसर पर हिन्दू जनजागृति समिति ने नागरिकों से राष्ट्रध्वज का आदर बनाए रखने का विशेष आव्हान किया है। समिति की राष्ट्रध्वज का सम्मान करें पहल के अंतर्गत उज्जैन में उत्कृष्ट शासकीय विद्यालय की प्रधानाचार्य विभा शर्मा, उज्जैन पब्लिक स्कूल के संचालक डॉ. मुंगी एवं प्रधानाचार्य विवेक शर्मा, लोकमान्य टिळक शिक्षण समिति के संचालक गिरीश भालेराव को ज्ञापन देकर अभियान प्रारंभ किया गया। उपरोक्त स्कूलों के नोटिस बोर्ड और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता पोस्टर लगाए गए और साथ ही विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष मार्गदर्शन दिया गया। विद्या विहार हायर सेकेंडरी, पानदरीबा स्थित टिळक विद्यालय सहित अन्य विद्यालयों में भी यह छात्र प्रबोधन का क्रम 14 अगस्त तक चलेगा। आज लोकमान्य टिळक सिनियर सेकंडरी विद्यालय में समिति के मध्यप्रदेश समन्वयक श्रीराम काने ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। समिति के मध्यप्रदेश एवं राजस्थान समन्वयक आनंद जाखोटिया ने बताया प्लास्टिक के ध्वज का उपयोग अपराध है। यदि राष्ट्रध्वज कहीं गिरा हुआ दिखाई दे, तो उसे सम्मानपूर्वक निकटतम शासकीय कार्यालय में जमा करें। पूरे देश में भी इस तरह के जागरूकता उपक्रम चलाए जा रहे हैं।



### भाजपा ने निकाली गई तिरंगा यात्रा

**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी नगर उज्जैन द्वारा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल के नेतृत्व में नगर के सभी मंडलों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में देशभक्ति के नारे गूंजते रहे और शहर का माहौल राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो गया। इस अवसर पर उज्जैन उत्तर विधानसभा के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। स्वतंत्रता संग्राम में अनगिनत वीरों ने अपने प्राणों की आहुति देकर इस ध्वज को ऊंचा रखा, हम सभी का दायित्व है कि इसकी गरिमा बनाए रखें। निगम सभापति कलावती यादव ने अपने संबोधन में कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से हम आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति का संदेश दे रहे हैं। मंगलवार को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल की यात्रा विक्रमादित्य मार्केट से प्रारंभ हुई जो मंडल के सभी वार्ड में भ्रमण करती हुई इंद्रा नगर चौराहे पर संपन्न हुई। इस अवसर पर उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल, नगर निगम सभापति कलावती यादव, नारायण यादव, जगदीश पांचाल, आनन्दसिंह खींची, मुकेश यादव, पंकज मिश्रा, राजेश बाथम सहित अनेक कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे। इसी के साथ 15 अगस्त के एक दिन पूर्व 14 अगस्त को विशाल तिरंगा यात्रा शहीद पार्क से प्रारंभ होगी। जानकारी मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा ने दी।

### महाविद्यालय को भेंट किये संस्कृत ग्रन्थ



**उज्जैन।** शासकीय संस्कृत महाविद्यालय में मंगलवार को भारतीय पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ. एस. आर. रंगनाथन की जयंती के अवसर पर प्राचार्य डॉ. सीमा शर्मा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस का भव्य आयोजन किया गया। ग्रन्थपाल डॉ. ममता मालिक ने विद्यार्थियों को डॉ. रंगनाथन के पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में किये योगदान के बारे जानकारी प्रदान की। साथ ही उन्होंने बताया कि इस अवसर पर महाविद्यालय में आचार्यों के सहयोग से संस्कृत के दुर्लभ ग्रंथों की प्रदर्शिनी भी लगाई गई। विशेष रूप से इस आयोजन में रतलाम निवासी कालिका मंदिर के पुजारी संस्कृतानुरागी पंडित राजेन्द्र शर्मा ने अपने पिता स्वर्गीय पंडित मांगीलाल शर्मा की स्मृति में विद्यार्थियों के अध्ययन के लिये संस्कृत के नवीन ग्रन्थ भेंट किये। इस आयोजन में महाविद्यालय के विद्यार्थियों और स्टॉफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

### श्री सर्वेश्वर महादेव का हुआ मनोहारी श्रृंगार



**उज्जैन।** गुरु सांदीपनि तपस्थली महर्षि सांदीपनि आश्रम में स्वयंभू श्री सर्वेश्वर महादेव का मनोहारी श्रृंगार किया गया। पुजारी पं. राहुल व्यास ने बताया कि संपूर्ण श्रावण मास में महादेव का नित्य प्रतिदिन पूजन, अभिषेक, महाआरती की गई। श्रावण सोमवार को भांग एवं मावे से विशेष श्रृंगार हुए। श्रावण मास के समापन अवसर पर सोमवार शाम श्री सर्वेश्वर महादेव का भांग एवं मावे से श्रृंगार किया गया। मंदिर को फूलों से सजाया तथा महाआरती की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तों ने महादेव के दर्शन लाभ लिये।

### युवक ने शराब में मिलाकर पिया कीटनाशक

**उज्जैन।** सोमवार मंगलवार से एक युवक को जहरीला पदार्थ खाने के बाद उपचार के लिए चरक अस्पताल लाया गया था जहां कुछ घंटे चले उपचार के बाद उसकी मौत हो गई। मंगलवार सुबह परिजनों के आने पर अस्पताल पुलिस चौकी ने पोस्टमार्टम कराया। बताया जा रहा है कि माकड़ोन के ग्राम डेलची से गोपाल पिता उमेश पवार को कुछ लोग अस्पताल लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि गोपाल ढाबे पर काम करता है शराब पीने का आदी है। उसने शराब में कीटनाशक दवा मिलाकर पी है। डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर उपचार के लिए भर्ती किया लेकिन रात 3 बजे उसकी मौत हो गई। जानकारी लगने पर परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। अस्पताल पुलिस चौकी ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों का कहना था कि तीन वर्ष पहले उसने प्रेम विवाह किया था। उसने आत्मघाती कदम क्यों उठाया इसकी वजह पता नहीं है। चौकी पुलिस के अनुसार मामले की जांच माकड़ोन थाना पुलिस को भेजी जाएगी।

### पुलिस पेंशनर संघ करेगा ध्वजारोहण

**उज्जैन।** पुलिस पेंशनर संघ द्वारा 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया जाएगा। अध्यक्ष प्रमोद सिंह भदौरिया एवम मीडिया प्रभारी अखिलेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उज्जैन पुलिस पेंशनर संघ के द्वारा हर्षोउल्लास से ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। आनंद नगर स्थित मनकामेश्वर मंदिर पर सुबह 8 .30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुभाष दुबे रिटायर्ड उपपुलिस अधीक्षक एवं आनंद नगर के गणमान्य नागरिक, महिलाएं, बच्चे शामिल होंगे।

# स्वतंत्रता दिवस, राजसी सवारी, गणेश उत्सव की तैयारी से धार्मिक शहर में महोत्सव

## बाजार में रौनक, खरीदारी को लेकर काफी उत्साह, जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन ने भी झोंकी ताकत, शाही सवारी में 10 लाख श्रद्धालु करेंगे दर्शन





**उज्जैन।** आ रही है पालकी की जय महाकाल की, उज्जैन में पानी बरसाओ जय महाकाल की। इस तरह का उत्साह बाबा महाकाल की अंतिम सवारी के लिए श्रद्धालुओं में जहां देखा जा रहा है। वहीं जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन व्यापक तैयारी में जुट गया है ,राजसी सवारी में 10 लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है।

श्रावण माह से लेकर भाद्रपद की शुरुआत तक, उज्जैन नगरी इन दिनों भक्ति, उत्साह और देशभक्ति के रंग में सराबोर है। एक के बाद एक आ रहे त्योहारों के कारण शहर में जश्न का माहौल है। जहां एक ओर बाबा महाकाल की शाही सवारी की भव्य तैयारियां हो रही हैं, वहीं दूसरी ओर 15 अगस्त की देशभक्ति और गणेश चतुर्थी की पारंपरिक उमंग लोगों में जोश भर रही है। शाही सवारी और स्वतंत्रता दिवस के साथ लोग गणेश चतुर्थी की तैयारियों में जुट गए हैं। घरों में भगवान गणेश की स्थापना के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। बाजार में गणेश जी की मनमोहक प्रतिमाओं की दुकानें सज चुकी हैं। पारंपरिक सजावट के सामान, मोदक बनाने के सांचे और रंगीन मिठाइयां खरीदने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है, मूर्तिकार अपनी कला को अंतिम रूप देने में व्यस्त हैं।

भगवान शिव के प्रिय श्रवण मास के बाद गणपति उत्सव की धूम मचाने और कान्हा की भक्ति में भिगोने वाले भाद्रपद मास (भादो) की शुरुआत रविवार से हो गई। हिंदू पंचांग के मुताबिक छठा और 5 चातुर्मास का दूसरा दूसरा महीना भाद्रपद मास कहलाता है। हिंदू धर्म में यह महीना बहुत ही विशेष होता है।

वर्षा ऋतु के अंतिम चरण में आने वाला यह महीना न केवल प्रकृति में बदलाव लाता है। बल्कि धर्म और आस्था की दृष्टि से भी खास माना जाता है। भगवान श्रीकृष्ण के प्रिय माह भाद्रपद की शुरुआत रविवार को प्रतिपदा तिथि के साथ हुई। यह मास 7 सितबर तक रहेगा। भाद्रपद मास में त्योहारों के साथ-साथ कई योग-संयोग भी बन रहे हैं। इस मास में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व गणेश चतुर्थी का त्योहार मनाया जाएगा। पंडित जय शिव ने बताया, 8 सितंबर से श्राद्ध पक्ष शुरू होंगे। भाद्रपद महीने में कजरी तीज, जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी जैसे कई बड़े व्रत-त्योहार मनाए जाएंगे। हिंदू धर्म में इस महीने में कोई भी मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। पूजा-पाठ के लिए यह महीना बेहद शुभ है। स्त्रियों को सौभाग्य देने वाला कजरी तीज का व्रत 12 अगस्त को किया गया बड़ी (बूढ़ी) तीज, सातू तीज के रूप में पहचाना जाने वाला यह व्रत भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि को किया जाता है। तृतीया तीज का व्रत चतुर्थी युक्त होना चाहिए।

### चन्द्र देव की पूजा हुई

माहेश्वरी समाज की महिलाएं ने व्रत किया और रात में परिवारजन मिलकर सत्तू के पिंडे को पिसा, एक-दो दिन पूर्व ही चने, चावल, गेहूं आदि के साथ घी में मिलाकर सत्तू तैयार कर लिए जाते हैं। घी, मेवा डालकर बनाए गए सत्तू को रात में चंद्रोदय के बाद मिलकर सेवन करते हैं। इस व्रत में चंद्र देव की पूजा करने का विशेष महत्व है। कहा जाता है कि इस समय पूरे भाव से भगवान श्रीकृष्ण की आराधना करने से सभी इच्छाएं पूर्ण होती हैं। इस महीने पवित्र नदियों, खासकर श्रिप्रा में स्नान का विशेष पुण्य प्राप्त होता है।

### भाद्रपद में पड़ेंगे यह व्रत-त्योहार

13 अगस्त-संकटी चतुर्थी, 14 अगस्त-हलछठ, 16 अगस्त-श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, 19 अगस्त-अजा एकादशी, 20 अगस्त-बछ बारस, 23 अगस्त-स्नानदान अमावस्या, 26 अगस्त-हरतालिका तीज, 27 अगस्त-गणेश उत्सव प्रारंभ, 28 अगस्त-ऋषि पंचमी, 29 अगस्त-मोर छठ, 31 अगस्त-राधा अष्टमी,, 03 सितंबर-डोल ग्यारस, 05 सितंबर-प्रदोष व्रत, 06 सितंबर-अनंत चतुर्दशी और गणेश विसर्जन होगा। इस दिन सुबह से विसर्जन को लेकर चहुंओर धूम रहेगी।

### शाही सवारी की भव्यता, स्वतंत्रता दिवस का जोशी

अंतिम शाही सवारी की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं, बाबा महाकाल के भक्तों में इस साल सवारी को लेकर विशेष उत्साह है। महाकाल मंदिर को फूलों और रंगीन रोशनी से सजाया जा रहा है। सवारी मार्ग पर भी तैयारियां अंतिम चरण में हैं, पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं, ताकि लाखों भक्त बिना किसी परेशानी के बाबा के दर्शन कर सकें। पूरा शहर बाबा महाकाल के जयकारों से गूंज रहा है। 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां भी शहर में पूरे जोरों पर हैं, सरकारी कार्यालयों, स्कूलों और कॉलेजों में ध्वजारोहण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की योजना बन चुकी है। घरों और दुकानों पर तिरंगे झंडे शान से लहरा रहे हैं। बाजार में तिरंगे बैच, टोपियां और अन्य देशभक्ति से जुड़ी चीजें खूब बिक रही हैं। यह उत्साह दर्शाता है कि उज्जैनवासी अपने त्योहारों के साथ-साथ राष्ट्र के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी को बखूबी समझते हैं।

### सभी त्योहारों के कारण बाजारों में रौनक

इन सभी त्योहारों के कारण शहर के बाजारों में खासी रौनक देखने को मिल रही है। किराना दुकानों से लेकर कपड़ों की दुकानों तक, हर जगह ग्राहकों की चहल-पहल है. लोग पूजा-पाठ, सजावट और उत्सवों के लिए जमकर खरीदारी कर रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि इस साल त्योहारों के संगम से उनका व्यापार भी अच्छा चल रहा है। कुल मिलाकर, उज्जैन में इन दिनों भक्ति, देशभक्ति और उत्सव का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है,यह माहौल दिखाता है कि उज्जैनवासी हर त्योहार को पूरे दिल और उत्साह के साथ मनाते हैं। त्योहारों को लेकर खास कर बच्चों में खासा उत्साह रहता है।

# इंदौर के 2 बदमाशों ने कबूली 16 बाइक चोरी की वारदात

## इंदौर उज्जैन में करते थे चोरी, पुलिस ने खरीददारों को बनाया आरोपी

**उज्जैन। वाहन चोरी के मामले में पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो युवकों को पकड़ा और उसका शुरू की तो दोनों ने इंदौर-उज्जैन में 16 बाइक चोरी करना कबूल कर लिया। दोनों की निशानदेही पर बाइक बरामद कर पुलिस ने मामले का खुलासा किया। चोरी की बाइक खरीदने के मामले में दो युवकों को भी आरोपी बनाया गया है।**



महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि शंकराचार्य चौराहे पर चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो युवकों को रोका गया था। दोनों से बाइक संबंधित दस्तावेज मांगे तो उनके पास नहीं होना सामने आए। पुलिस ने दस्तावेज मांगने के लिए कहा तो दोनों घबरा गए। शंका होने पर नाम पूछा गया एक ने दीपेश पिता पवन कुमार जैन निवासी बड़ा गणपति के पास इंदौर होना बताया। उसके साथी का नाम बिट्टू पिता विश्वकर्मा चौरसिया निवासी लोहा मंडी सिंधी कॉलोनी इंदौर होना सामने आया। दोनों को थाने लाकर पूछताछ शुरू की गई तो बाइक चोरी की होना कबूल कर लिया। टीआई गगन बादल ने अन्य वाहन चोरी के मामलों में पूछताछ के लिए एसआई पुरुषोत्तम गौतम को कमान सौंपी। दोनों ने इंदौर उज्जैन से 16 बाइक चोरी करना कबूल कर लिया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर बाइक बरामद करना शुरू किया कुछ इंदौर से उज्जैन लाई गई। वहीं कुछ बाइक नीमच के रहने वाले विशाल गुर्जर और इंदौर धरमपुरी के रहने वाले निखिल राजपूत को बेच दी गई थी। पुलिस ने चोरी के वाहन खरीदने वाले दोनों युवकों को हिरासत में लिया और उनसे भी चोरी की बाइक बरामद कर ली गई। 16 बाइक बरामद होने पर मंगलवार दोपहर पुलिस ने मामले का खुलासा किया। चोरी के वाहन खरीदने वालों को जमानत पर रिहा किया गया है। वहीं वाहन चोरी में शामिल दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया। विदित हो कि बढ़ती वाहन चोरी की वारदातों को लेकर पुलिस चेकिंग के दौरान सख्ती के साथ जांच पड़ताल कर रही है। चार दिन पहले ही जीवाजीगंज थाना पुलिस में 11 चोरी की बाइक बरामद की थी और चार बदमाशों के साथ दो खरीददार युवकों को भी पकड़ा था।

### उन्हेल मार्ग पर बाइक सवार को कार चालक ने कुचला, मौत

उज्जैन। उन्हेल मार्ग पर सोमवार शाम को बाइक सवार वृद्ध को कार चालक ने कुचल दिया। वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस कार चालक की तलाश कर रही है। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि उन्हेल मार्ग ग्राम रुई गड़ा में बीती शाम को बाइक पर सवार रुस्तम पिता गेंदा पटेल 60 वर्ष निवासी कालिया देह महल को रफ्तार से दौड़ती कार ने कुचल दिया था। घटनाक्रम के बाद चालक कर मौके से लेकर भाग निकला। मौके पर ही रुस्तम की मौत हो गई उसके पास मिले दस्तावेजों के आधार पर पहचान होते ही परिजन मौके पर पहुंच गए थे। जहां टक्कर मारने वाली कार की टूटी नंबर प्लेट मिलन सामने आई जिसका नंबर एमपी 09 सीजे 4077 था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी नंबर प्लेट को जप्त किया गया है जिसके आधार पर चालक की तलाश की जा रही है। दुर्घटना में मृत रुस्तम को चरक अस्पताल लाया गया जहां देर शाम उसका पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जा रहा है कि रुस्तम उन्हेल गया था जहां से वापस अपने घर लौट रहा था। वह खेती किसानी के साथ दूध का व्यवसाय भी करता था। पुलिस के अनुसार नंबर प्लेट मिलने पर जल्द ही कार चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बंगाली कॉलोनी में पथराव करने वाली महिला हिरासत में, पत्थरबाजी में शामिल युवकों की तलाश

**उज्जैन।** बंगाली कॉलोनी में सोमवार-मंगलवार रात क्षेत्र की ही रहने वाली महिला ने अपने साथी युवकों के साथ मीटिंग कर रहे कॉलोनी वासियों पर पथराव कर दिया था। हंगामा बढ़ने और चक्काजाम होने पर पुलिस ने महिला को हिरासत में लिया है उसके साथियों की तलाश की जा रही है।

नीलगंगा थाना पुलिस में कुछ दिन पहले अवैध शराब के साथ बंगाली कॉलोनी में रहने वाले अनुज बंगाली को गिरफ्तार किया था। पूर्व में वह मादक पदार्थ बेचते हुए भी पकड़ा जा चुका था। पुलिस ने आबकारी अधिनियम में उसे जेल भेज दिया था। वह कॉलोनी में लंबे समय से मादक पदार्थ का काम कर रहा था जिसके चलते सोमवार रात कॉलोनी वासियों ने एक मीटिंग रखी और मादक पदार्थ बेचने वाले परिवार को लेकर चर्चा शुरू की। इस बीच जेल भेजे गए अनुज बंगाली की पत्नी गोरी अपने 5-7 साथियों के साथ पहुंची मीटिंग कर रहे कॉलोनीवासियों पर पत्थर से हमला कर दिया। कॉलोनी वासियों ने रात में ही बंगाली कॉलोनी के गेट पर आकर चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलते हैं पुलिस मौके पर पहुंची इस दौरान रहवासियों ने गांजा चरस बेचना बंद करो के नारे लगना शुरू कर दिया। थाना प्रभारी तरुण रहवासियों से चर्चा की और चक्काजाम समाप्त कर कर पथराव करने वाली महिला की तलाश शुरू की। रात में ही उसे हिरासत में ले लिया गया। वही पथराव में शामिल उसके साथियों को भी तलाश किया जा रहा है। संभावना है कि महिला से पूछताछ के बाद पुलिस को मादक पदार्थ की जानकारी मिल सकती है।

# स्थाई कुंभ सिटी पर मचा बवाल
# किसानों ने प्राधिकरण पर उठाए सवाल

### लेंड पुलिंग योजना को बताया गैरजरूरी, यूडीए पहुंचकर किसानों ने रखी बात, यूडीए ने कहा योजना किसानों के हित में

**उज्जैन।** मंगलवार को लेंड पुलिंग योजना के तहत प्रभावित किसानों ने विकास प्राधिकरण पहुंचकर अपनी बात रखी, और स्थाई कुंभ सिटी को लेकर बनाई जा रही योजना को गैर जरूरी बताते हुए विरोध दर्ज कराया।

दरअसल उज्जैन शहर के सिंहस्थ 2028 के लिए लागू की जा रही लैंड पुलिंग योजना को लेकर किसानों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। किसानों का कहना है कि यदि उनकी जमीन चली गई तो उनकी रोज़ी-रोटी पर सीधा असर पड़ेगा। योजना के विरोध में कई गांवों के किसान एकजुट होकर अपनी आपत्ति दर्ज कराने यूडीए से लेकर जिला प्रशासन के समक्ष पहुंच रहे हैं।

**जमीन ही हमारी जिंदगी**-नवभारत से चर्चा में स्थानीय किसान नेताओं का कहना है कि जमीन केवल संपत्ति नहीं, बल्कि उनकी आजीविका का आधार है। कई पीढ़ियों से वे इसी जमीन पर खेती करके अपना और अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। अगर जमीन चली गई, तो हमारे पास न तो खेती रहेगी और न ही स्थायी आय का कोई साधन, यहां हमारे पूर्वज खेती-बाड़ी करते आए हैं। उक्त जमीन को हम कैसे छोड़ दे।

**यूडीए की योजना पर सवाल**-किसानों का आरोप है कि उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा बनाई जा रही लैंड पुलिंग योजना में पारदर्शिता की कमी है। उन्हें कई तरह की आशंकाए है कि योजना बनने के बाद क्या होगा। जमीन पर निर्माण और विकास कार्य के दौरान उनके जीवन-यापन के साधन प्रभावित होंगे। जमीन लेने के जो लाभ भी बताएं जा रहे हैं उसे किसान कोई इत्तेफाक नहीं रख रहे हैं।

**प्राधिकरण का पक्ष**-इधर विकास प्राधिकरण का कहना है कि योजना किसानों के हित में है और उन्हें विकसित भूखंड के साथ-साथ मुआवज़ा भी दिया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, लैंड पुलिंग से क्षेत्र में सड़क, पानी, बिजली और अन्य सुविधाएं बेहतर होगी। जिससे जमीन का मूल्य कई गुना बढ़ जाएगा।

**भविष्य को लेकर चिंता**-किसानों का मानना है कि मुआवज़ा या 50त्न विकसित भूखंड मिलना ही पर्याप्त नहीं है। असली समस्या यह है कि खेती योग्य जमीन घटने से उनका पारंपरिक व्यवसाय समाप्त हो जाएगा। उनका सवाल है अगर जमीन ही चली गई, बच्चों के भविष्य का क्या होगा।


**स्थाई कुंभ सिटी पर एक नजर**-सिंहस्थ हेतु स्थायी कुंभ सिटी का निर्माण बड़े पैमाने पर करने की योजना है। जिसमें सड़क, पानी, पार्किंग, आवासीय और धार्मिक सुविधाएं शामिल हैं। यूडीए का दावा है कि इससे उज्जैन का विकास होगा और भूमि का मूल्य बढ़ेगा। किसानों का मानना है कि यह विकास उनकी जमीन और आजीविका की कीमत पर किया जा रहा है। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर जबरन भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया नहीं रोकी गई तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। कई गांवों में किसान पंचायतें बुलाई जा रही हैं और प्राधिकरण के खिलाफ धरना-प्रदर्शन की तैयारी चल रही है। साथ ही कोर्ट जाने की भी तैयारी है। जरूरी दस्तावेज विकास प्राधिकरण से प्राप्त करने के बाद किसान-कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाएंगे।

**बयान से बवाल** | प्रेमानंदपुरी महाराज ने कथा में दिया था बयान, वीडियो वायरल होने के बाद मचा बवाल

# महाकाल मंदिर को महानिर्वाणी अखाड़े को सौंपने के बयान पर भड़क उठे पुजारी

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** महाकाल को महानिर्वाणी अखाड़े को सौप देने के बयान के बाद मंदिर के पुजारी भड़क गए। मंगलवार को यह एक नया ही विवाद सामने आया। दरअसल महामंडलेश्वर प्रेमानंद पुरी महाराज ने उज्जैन में चल रही होटल नक्षत्र में अपनी कथा में यह कह दिया कि महाकाल मंदिर से सरकारी नियंत्रण हटा देना चाहिए और उसे महानिर्वाणी अखाड़े को सौंप देना चाहिए।



इस बयान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जैसे ही वायरल हुआ महाकाल मंदिर के पुजारी महेश शर्मा ने इस पर आपत्ति लेते हुए कहा कि महाराज पहले अपने अपने अखाड़े की गंदगी साफ करो फिर मंदिरों की तरफ देखना। अखाड़े में बैठे शादीशुदा संतों को बाहर निकालें। अखाड़ों में कई अव्यवस्थाएं चल रही है। पहले उसमें सुधार करें फिर मंदिर की व्यवस्था पर सवाल उठाए। रहा सवाल प्रशासन का तो सालों से महाकाल मंदिर को शासन-प्रशासन ही चलाता आ रहा है। कहीं कोई कमी नहीं है। सब अच्छे से चल रहा है। भविष्य में यदि मंदिर से सरकारी नियंत्रण हटता भी है तो इसे मंदिर के 16 अधिकृत पुजारियों को देना चाहिए, न कि किसी अखाड़े को। पुराने समय में पुजारी ही मंदिर चलाते थे।




### महाकाल मंदिर को 3 नए वाहन एक साथ बैंक से दान में मिले

महाकाल मंदिर में मंगलवार को एक साथ 3 वाहन दान में प्राप्त हुए। यह वाहन मंदिर के विभिन्न प्रकल्पों में काम आएंगे। समिति को यह वाहन आईडीबीआई बैंक उज्जैन की मोहन नगर शाखा ने दिए है। जो कि मारुति कम्पनी के है। इनमें से एक लोडिंग वाहन व दो मारुति ईको वेन शामिल है। बैंक के एमडी राकेश शर्मा, सीजीएम रंजीत कुमार सोनी, आरएच सचिन रागपाल, एजीएम सुश्री शिल्पा आठवले, तरुण मेहता सहित मोहन नगर शाखा के प्रबंधक विक्रमसिंह केमा ने पूजन कर तीनों वाहन समिति की उप प्रशासक सिम्मी यादव को सौपे।